क्रम सं॰	राज्य	डी॰पी॰ई॰पी॰ के तहत शामिल किए जाने के लिए चुने गए जिले
8.	हिमाचल प्रदेश (4)	सिरमौर, लाहुल, स्पीति, चम्बा, कुल्लू
9.	गुजरात (3)	बनासकंठा, पंचमहल, डंगस
10.	उड़ीसा (8)	बोलनगीर, धेनकनाल, गजपति, कालाहांडी, रायगढ़, सम्बालपुर, बारागढ़, क्योंझर
11.	आन्ध्र प्रदेश (5)	करनूल, नेल्लौर, विजयनगरम, वारांगल, करीमनगर
12.	उत्तर प्रदेश (15)	महराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बदायूं, खीरी, ललितपुर, पीलीभीत, बस्ती, मुरादाबाद, शाहजहांपुर, सोनभद्र, देवरिया, हरदोई, बरेली, फिरोजाबाद
13.	पश्चिम बंगाल (5)	बंकुरा, बीरभूम, कूचबिहार, दक्षिण 24 परगना, मुर्शिदाबाद
योग:	121 जिले	

विवरण-II

हिमाचल प्रदेश में खोले गए प्राथमिक स्कूलों तथा नियुक्त किए गए शिक्षकों का जिलावार ब्यौरे

क्र॰सं॰	जिला का नाम	खोले गए स्कूलों की संख्या	नियुक्त किए गए शिक्षकों की संख्या	कैफियत
1.	चम्बा	10	20	—
2.	सिरमौर	20	--	हिमाचल प्रदेश के अन्य सरकारी स्कूलों से शिक्षकों को अस्थाई तौर पर प्रतिनियुक्त किया गया है।
3.	कुल्लू	4	—	-वही-
4.	लाहुल स्पीति	—	—	—

महिलाओं और पुरुषों की साक्षरता का राज्य-वार प्रतिशत

2191. **श्री इकबाल सिंह:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 1991 की जनगणना के अनुसार देश में पुरुषों और महिलाओं की साक्षरता का राज्य-वार प्रतिशत कितना-कितना है;

(ख) क्या 1981 से लेकर अब तक देश में साक्षरता दर में व्यापक सुधार हुआ है;

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) देश के सभी लोगों को साक्षर बनाने हेतु समय-सीमा और प्रतिशत के रूप में क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है; और

(ङ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या उपाय किये जा रहे हैं?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुही राम सैकिया): (क) से (ग) जनगणना महापंजीयक द्वारा दसवर्षीय आधार पर जनसंख्या संबंधी आंकड़े एकत्रित किए जाते है। पिछली जनगणना वर्ष 1991 में कराई गई थी। वर्ष 1981-1991 की अवधि के दौरान पुरूषों तथा महिलाओं की साक्षरता की राज्य-वार प्रतिशतता तथा साक्षरता दरों में दसवर्षीय वृद्धि का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है। **(नीचे देखिए)**

(घ) राष्ट्रीय साक्षरता मिशन का लक्ष्य वर्ष 1998-99 के अन्त तक 15—35 वर्ष के आयु-वर्ग के 10 करोड़ व्यक्तियों को कार्यात्मक रूप से साक्षरता प्रदान करना तथा सन् 2005 ई० तक संपूर्ण साक्षरता लाना है।

(ङ) साक्षरता कार्यक्रमों को सुदृढ़ बनाने तथा इनमें अपेक्षित सुधार करने के लिए कुछ निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:—

(i) राज्य सरकारों से अनुरोध किया गया है कि वे संपूर्ण साक्षरता अभियानों के अन्तर्गत छूटे हुए जिलों का इन अभियानों में शामिल करने के लिए एक समयबद्ध कार्य-योजना तैयार करें।

(ii) साक्षरता अभियानों से जुड़े स्वयंसेवकों को पुनः प्रशिक्षण तथा प्रबोधन शिविरों उनके प्रयासों को मान्यता तथा सराहना के माध्यम से उनकी प्रेरणा को बढ़ावा देने के लिए उपाय किए गए हैं।

(iii) साक्षरता अभियानों को और अधिक कारगर ढंग से कार्यान्वित करने के लिए पंचायती राज संस्थाओं को अधिकाधिक शामिल किया जा रहा है।

(iv) साक्षरता कार्यक्रमों तथा स्वास्थ्य कार्यक्रमों, जवाहर रोजगार योजना, डी०डब्ल्यू०-ए०सी०आर०ए० आदि जैसे अन्य विकास कार्यक्रमों के बीच उचित तालमेल बिठाने पर विशेष बल दिया गया है।

राज्य सरकार मिशनों के कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकारों के अधिकारों का विकेन्द्रीकरण तथा उन्हें अधिकार सौंपा जाना।

निगरानी तथा मूल्यांकन तंत्रों को पुर्नगठित तथा सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय साक्षरता मिशन द्वारा दिशा-निर्देश निर्धारित किए गए हैं। राज्य प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय सक्रिय रूप से साक्षरता कार्यक्रमों की निगरानी करते हैं।

(vii) साक्षरता अभियानों के कार्यान्वयन में आने वाली कमियों का तुरन्त पता लगाने के लिए साक्षरता कार्यक्रमों का संगामी मूल्यांकन किया जा रहा है* और इनमें सुधार करने के लिए समय-समय पर सुधारात्मक उपाय किए जा रहे हैं।

(viii) विभिन्न अपरिहार्य कारणों से बन्द पड़ी हुई परियोजनाओं को पुनर्गठित करने तथा उन्हें पुनः संचालित करने के लिए आपरेशन रेस्टोरेशन शुरू किए गए हैं।

विवरण

वर्ष 1991 की जनगणना के अनुसार साक्षरता दरों का राज्यवार विवरण

क्र० सं०	राज्य / संघ राज्य क्षेत्र	वर्ष 1991 की साक्षरता दरें (प्रतिशत)		वर्ष 1981-91 के दौरान साक्षरता दरों में वृद्धि (प्रतिशत)	
		पुरुष	महिला	पुरुष	महिला
1.	आन्ध्र प्रदेश	55.13	32.72	8.30	8.56
2.	अरूणाचल प्रदेश	51.43	32.69	16.34	15.68

क्र० सं०	राज्य / संघ राज्य क्षेत्र	वर्ष 1991 की साक्षरता दरें (प्रतिशत)		वर्ष 1981-91 के दौरान साक्षरता दरों में वृद्धि (प्रतिशत)	
		पुरुष	महिला	पुरुष	महिला
3.	असम	61.87	43.03	£	£
4.	बिहार	52.49	22.89	5.89	6.37
5.	गोवा	83.64	67.09	7.63	11.92
6.	गुजरात	73.13	48.64	7.99	10.18
7.	हरियाणा	69.10	40.47	10.59	13.54
8.	हिमाचल प्रदेश	75.36	52.13	11.09	14.41
9.	जम्मू और कश्मीर	*	*	*	*
10.	कर्नाटक	67.26	44.34	8.53	11.17
11.	केरल	93.62	86.17	5.88	10.52
12.	मध्य प्रदेश	58.42	28.55	10.00	9.85
13.	महाराष्ट्र	76.56	52.32	6.90	11.31
14.	मणिपुर	71.63	47.60	7.48	12.93
15.	मेघालय	53.12	44.85	6.47	7.68
16.	मिजोरम	85.61	78.60	6.73	9.99
17.	नागालैंड	66.62	54.75	9.04	14.37
18.	उड़ीसा	63.09	34.68	6.64	9.54
19.	पंजाब	65.66	50.41	10.10	10.71
20.	राजस्थान	54.99	20.44	10.23	6.44
21.	सिक्किम	65.74	46.69	12.74	19.31
22.	तमिलनाडु	73.75	51.33	8.28	10.90
23.	त्रिपुरा	70.58	49.65	9.09	11.64
24.	उत्तर प्रदेश	55.73	25.31	8.28	8.12
25.	पश्चिम बंगाल	67.81	46.56	7.88	10.49
26.	अ० और नि० द्वीप समूह	78.99	65.46	8.70	12.27
27.	चंडीगढ़	82.04	72.34	3.15	3.02
28.	दादरा और नगर हवेली	53.56	26.98	8.92	6.61
29.	दमन और दीव	82.66	59.40	8.20	12.90
30.	दिल्ली	82.01	66.99	2.73	4.39
31.	लक्षद्वीप	90.18	72.89	8.94	17.57
32.	पांडिचेरी	83.68	65.63	6.59	12.61

* इसमें जम्मू और कश्मीर के आंकड़े शामिल नहीं है क्योंकि वहां वर्ष 1991 में जनगणना नहीं हुई थी।

£ इसमें असम के आंकड़े शामिल नहीं है क्योंकि वहां वर्ष 1991 जनगणना नहीं हुई थी।

UGC's scheme for students of weaker sections

2192. SHRI K. RAHMAN KHAN: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether University Grants Commission is implementing any scheme to coach students belonging to weaker sections, particularly the minorities for civil services, State services, engineering, medical examinations;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the steps taken by UGC to make this section aware of the scheme?